सार-समाचार

राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग

रतनगढ़ (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद, संघ परिवार एवं सर्व समाज ने बंगाल में हो रहे हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस सरकार की बर्खास्तगी और बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति महोदया के नाम नायब तहसीलदार मुरारीलाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया तथा राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। मुर्शिदाबाद से प्रारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने न केवल पंगु बन गया वरन् सहायक और प्रेरक बन गया है। इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए, केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मों के लिए कठोरतम सजा दिलवानी चाहिए। बंगाल में राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में आ चुकी है । हिंदुओं के प्रति हिंसा बढ़ती जा रही है और न्यायालय के आदेश पर ही हिंदू त्योहारों को अनुमति मिल पाती है। उनको सुरक्षा देने वाले अर्धसैनिक बलों को निशाना बनाया जाता है। हिंदू का अस्तित्व खतरे में पड़ चुका है, कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से नष्ट हो चुकी है। इसलिए बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए तथा बंगाल की हिंसा की जांच के द्वारा करवाई जाए और दोषियों को अविलंब दंडित किया जाए। आक्रोश रैली निकालकर ज्ञापन देते समय विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल तथा रतनगढ के सर्व समाज के सैकड़ों नागरिक गण उपस्थित रहे।

फायरिंग के दो फरार आरोपी गिरफ्तार

पाटन (निसं)। पाटन पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे फायरिंग के आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पाटन थानाधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पहला मामला 16 जुलाई 2024 का है, जब रायपुर स्थित एक लाइसेंसी शराब ठेके पर तीन हमलावरों-इंद्राज, कृष्ण कुमार और शेर सिंह-ने मोटरसाइकिल से आकर देसी कट्टे से जानलेवा फायरिंग की और ठेके में तोड़फोड़ की थी। पीड़ित विक्रम सिंह गुर्जर की शिकायत पर मामला दर्ज कर पहले ही तीन में से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। फरार चल रहे तीसरे आरोपी शेर सिंह पुत्र प्रेम सिंह गुर्जर निवासी रायपुर को पुलिस ने दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में कार्रवाई की गई है।दूसरा मामला 29 मार्च 2025 का है, जब रायपुर निवासी राकेश कुमार की किराने की दुकान पर सुल्तान गुर्जर, डीपी गुर्जर और यादराम ने मिलकर मारपीट की और देसी कट्टे से जानलेवा हमला किया। इस घटना में फरार आरोपी पवन गुर्जर पुत्र राम अवतार निवासी नानगवास को पुलिस ने पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में भी विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज है और जांच जारी है।पुलिस के अनुसार, दोनों मामलों में आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है और अन्य संभावित कड़ियों की जांच की जा रही है।थानाधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल की बैठक

चिड़ावा (निसं)। शहर के श्री विवेकानंद चौक के पास राजकला कॉम्पलेक्स स्थित डिस्कवरी कार्यालय में भाजपा नगर मंडल के बैनर तले पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर ने की। बैठक में सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। जिसमें भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, मुकेश खंडेलवाल ने मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सीएम शर्मा के स्वागत, पिलानी जनसभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर आने समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। जिसके लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में अलग अलग जगह से बसों की व्यवस्था कर कार्यकर्ताओं को पिलानी सभा में ले जाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, महामंत्री मुकेश खंडेलवाल, मदन डारा, विनय सोनी, पूर्व पार्षद रविकांत शर्मा, पवन शर्मा, राजेश वर्मा, अंकित भगेरिया, अशोक शर्मा, मोहित तामड़ायत, उमा शर्मा, ख्याति केडिया, रींकू शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर समीर शेखावत, सुशील डाबला, गंगाधर सैनी, महेश शर्मा धन्ना, आशु स्वामी अड़ूका, अशोक तंवर, कैलाश सैनी, डॉ.बीएल वर्मा, नंदिनी राव सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राठौड़ के जन्मदिन को लेकर जनसंपर्क किया

रतनगढ़ (निसं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड का जन्मदिन 21 अप्रैल को चूरू पुलिस लाइन में संकल्प दिवस के रूप में मनाया जायेगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड, भाजपा नेता पवन सिंह राठौड ने तीन दिनों मे तहसील के 55 से अधिक गांवो का जनसंपर्क कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को चूरू चलने को लेकर निमंत्रण दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड ने कहा कि राजेंद्र सिंह राठौड़ जैसा नेता जिनके दरवाजे कार्यकर्ताओं के लिए 24 घंटे खुले रहते हैं, 36 कोम का कार्य बिना भेदभाव के करते है, हमारा सभाग भी आज पुन: बीकानेर वापस राठौड साहब के कारण हुवा है। राठौड़ ने बताया कि चूरू संकल्प कार्यक्रम में रतनगढ तहसील से 70 से अधिक बस और गाड़ियों के माध्यम से 5000 से अधिक कार्यकर्त्ता भाग लेंगे। भाजपा नेता पवन सिंह राठौड़ ने कहा कि आज जो हमारा जिला मारू प्रदेश में शामिल हुआ है वह राठौर की ही देन है जिसका फायदा ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगा। इस मौके पर हिम्मत सिंह मालासी, देवेंद्र सिंह नोसरिया, गिरधारी सिंह, पर्वत सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

जेईई मेंस 2025 में लोहियम करियर इंस्टीट्यूट का शानदार प्रदर्शन

चिडावा (निसं)। लोहिया शिक्षण संस्थान के लोहियाम करियर इंस्टीट्यूट ने शानदार रिजल्ट दिया है। संस्था के छात्रों ने शानदार छात्र चेतन राव ने 99.70, रितिका ने 98.05, अमित ने 97.51, धीरज ने 96.14, प्रियंका ने 95.95, अदिति पिलानिया ने 95.52, तथा भूपेंद्र, दीक्षित, निशांत, राहुल, सूरज, कनिष्का, जय नायक ने शानदार परिणाम प्राप्त कर जीईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया। संस्थान के चेयरमैन राम सिंह नेहरा, निदेशक जगपाल सिंह यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा, संस्था सचिव प्रदीप नेहरा, चेयरपर्सन ममता नेहरा, प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्या प्रमिला झाझडिया, फाउंडेशन कोऑर्डिनेटर प्रदीप सोनी सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्रों को बधाई दी। छात्रों की इस सफलता का श्रेय उनके कड़ी मेहनत लगन और संस्था के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। संस्था ने छात्रों को जेईई मैंस की तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया है और उन्हें सफलता के लिए प्रेरित किया है। लोहियम करियर इंस्टिट्यूट के छात्रों की यह उपलब्धि चिड़ावा क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। यह बात साबित करती है कि चिड़ावा क्षेत्र के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में टॉप कर सकते हैं।

नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर 23 को

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में भूरामल बैद की स्मृति में उनके परिवारजनों द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 23 अप्रैल बुधवार को माहेश्वरी भवन, रामचंद्र पार्क के पास होगा। शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी। पंजीयन के लिए रोगी अपने आधार कार्ड की दो फोटो कॉपी साथ लावे।

स्कूल में वाटर कूलर का उद्घाटन

झुंझुनूं, (निसं)। श्रीमती शांति देवी विश्वनाथ गाडिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र नवीन गाडिया सिंगापुर के सौजन्य से लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को वार्ड नंबर 46 जैन दादाबाडी के समीप डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय प्राथमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों को शीतल जल उपलब्ध करवाने के लिए वाटर कूलर लगवाया गया। जिसका उद्घाटन लॉयंस क्लब अध्यक्षा डॉ. बबिता कुमावत ने फिता खोलकर किया।

नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत

जयपुर/सीकर (निसं)। मुख्यमंत्री का नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र के बाजौर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने यमुना जल समझौते और बजट घोषणाओं के लिए जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने राजस्थान में सरकार बनते ही सबसे पहले पानी को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। यमुना जल समझौते के साकार होने पर शेखावाटी क्षेत्र को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा तथा यहां का किसान अच्छी खेती-किसानी कर सकेगा।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, पूर्व सांसद सुभाष महरिया, प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज सहित जिला भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

रामू का बास, गोकुलपुरा में जनसभा को संबोधित किया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पलसाना से बाजौर जाते समय रास्ते में गाड़ी रुकवाकर स्थानीय फल विक्रेता से बात की एवं अपने हाथों से खरबूजा काटकर खाया।

जनसभा को किया संबोधित:- इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने रामू का बास, गोकुलपुरा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री भैरोसिंह शेखावत जी ने सन् 1993 में बतौर मुख्यमंत्री केन्द्र सरकार व हरियाणा की राज्य सरकार को शेखावाटी के यमुना जल समझौते को लेकर पत्र लिखा था। उन्होंने शेखावाटी की जल आवश्यकता को समझा। उन्होंने आमजन से कहा कि जब भी उनके बीच यहां के कांग्रेस के नेता आए तो वह उनसे जरूर पूछे कि उन्होंने कांग्रेस सरकार के केन्द्र व राज्य में होते हुए शेखावाटी में यमुना जल लाने के लिए कौन-कौन से प्रयास किए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी सहित जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री की सादगी, सड़क किनारे खरबूजा खाया:- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पलसाना से बाजौर जाते समय रास्ते में गाड़ी रुकवाकर स्थानीय फल विक्रेता से बात की। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से खरबूजा काटकर खाया और यूपीआई से भुगतान किया। इस दौरान शर्मा ने बुजुर्ग फल विक्रेता सुरजाराम और स्थानीय लोगों से चर्चा की। इस दौरान कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में शनिवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत के नेतृत्व में ठेके को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

वहीं सर्व समाज के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन जिला कलेक्टर के नाम पुलिस थाना प्रभारी की अनुपस्थिति में एसआई सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपा जिसमें उल्लेख किया गया है कि घनी आबादी क्षेत्र में खुले शराब के ठेके को बंद करवाने की मांग को लेकर बताया कि वार्ड नंबर 17 महाप्रज्ञ हॉल के पास सुबह चौक से हाईवे को जोडने वाले रास्ते पर स्थित श्याम सुंदर सोनी पुत्र भागीरथ सोनी की आवासीय मकान में पिछले दो दिनों से शराब का ठेका खोला गया है जो की बिल्कुल गैर कानूनी है क्योंकि इस ठेके से 50 मीटर की दूरी पर राजकीय बालिका विद्यालय वहीं करीब 70 मीटर की दूरी पर अभिनव बाल भारती विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व महेंद्र मुनि धार्मिक भवन स्थित है तथा ठेके के ठीक ऊपर लाइब्रेरी बनी हुई है जिसमें रोजाना सैकड़ो छात्र छात्राएं पढ़ाई करने के उद्देश्य से आते हैं तथा बालिका विद्यालय नजदीक होने के कारण हजारों बच्चियों का इस रास्ते से आवागमन रहता है और मोहल्ले के बीचो-बीच स्थित होने से हजारो महिलाओं का आना-जाना दिन भर लगा रहता है।

खिरोड़ में वाहनों का भारी जाम लगा

खिरोड़, (निसं)। कस्बे में आए दिन वाहनों का जाम लग जाने से वाहन चालकों एवं राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही वाकया शुक्रवार रात करीब आठ बजे से नौ बजे तक खिरोड़ की नई धर्मशाला के सामने देखने को मिला। करीब एक घंटे तक लगे रहे जाम में सैकड़ों वाहन फंस गए और रास्ते से निकलना दूभर हो गया। ऐसे में अकस्मात लोगों के मुंह से निकल पड़ा की आगे से खिरोड मैं नहीं आएंगे। ग्रामीणों ने बताया कि शादी विवाह के दिनों में तो पूरे दिन भर में दर्जनों दफा वाहनों का जाम लग जाता है।

विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश महोदय, लक्ष्मणगढ़, सीकर
रविन्द्र आदि विरूद्ध तहसीलदार महोदय आदि
वाद बाबतः- अलॉटमेंट निरस्त करने एवं स्थायी निषेधाज्ञा
वाद सं. 15 सन 2024

वादीगण रविन्द्र पुत्र सुखदेवाराम निवासी ग्राम कंटेवा तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर राज. व रामकरण पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम हमीरपुरा तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर राज. ने एक जन प्रतिनिधि वाद प्रतिवादी तहसीलदार महोदय आदि के विरूद्ध अलॉटमेंट निरस्त एवं स्थायी निषेधाज्ञा जो खसरा नंबर 135 ग्राम जालू तहसील नेछवा बहक मटरू बलाई निवासी लक्ष्मणगढ़ एवं खसरा नंबर 709, 710 ग्राम कंटेवा बहक रामवतार पुत्र मटरू निवासी लक्ष्मणगढ़ के पक्ष में अलॉटमेंट कर दिये। वादीगण द्वारा वाद अलॉटमेंट निरस्त करवाये जाने हेतु सर्वसाधारण की ओर से प्रस्तुत किया है। उक्त वाद में हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि वे उक्त संदर्भ में अपना पक्ष रखना चाहे तो दिनांक 24.04.2025 को 7.30 ए.एम. उपस्थित रहे अन्यथा उपसंजात नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह वाद ता. 27 माह 03 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश महोदय, लक्ष्मणगढ़, सीकर

258 स्काउट सम्मानित

सीकर (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय द्वारा जारी राज्य के महामहिम राज्यपाल हस्ताक्षर से जारी राज्य पुरस्कार स्काउट के प्रमाण पत्र सीकर जिले के 258 स्काउट ने राज्य पुरस्कार प्राप्त किया, जिसमें सर्वाधिक स्थानीय संघ दांता के 69 स्काउट ने अवार्ड प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान पर बाजी मारी।

नीमकाथाना के 39 स्काउट के साथ द्वितीय स्थान पर रहे, खंडेला के 29 स्काउट के साथ तृतीय स्थान पर रहे। सीकर के 23 स्काउट चतुर्थ स्थान, थोई के 22 स्काउट पंचम स्थान, रींगस के 21 स्काउट छठे स्थान ,धोद 20 स्काउट के साथ सातवें, खाटू श्याम जी 16 स्काउट के साथ आठवें, शिवसिंहपुरा के 15 स्काउट के साथ नोवे, रामगढ शेखावाटी 8 स्काउट्स के साथ दसवे, पलसाना 6 स्काउट के साथ 11 स्थान पर रहे, जिनका विवरण जिला मुख्यालय सीकर द्वारा दिये जाएंगे। सभी स्काउट्स को बाबूलाल गुर्जर अध्यक्ष जिला परिषद स्काउट सीकर, शीशराम कुल्हरि मुख्य जिला आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सीकर, बसंत कुमार लाटा सीओ स्काउट सीकर, मामराज शर्मा जिला कोषाध्यक्ष ने बधाई दी।

बैरासर बड़ा की रोही में आग लगी, छूर के पुले व लकड़ियां जलकर खाक हुई

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ तहसील के सादुलपुर झुंझुनूं सड़क मार्ग पर स्थित गांव बैरासर बड़ा के पास हडाना जोहड के पास शनिवार को एक खेत में अचानक से लगी आग के कारण खेत में पशु चारा छूर के पुले व खेत मे पड़ी लकड़ियां जलकर खाक हो गई दोपहर 12 बजे मिली सूचना के अनुसार ग्रामीण भरत लाल शर्मा ने बताया कि हडाना जोहड के पास विजयपाल पुत्र फुलाराम नाई निवासी बेरासर बड़ा के खेत में कडबी काटकर करीबन 6000 पूलों का छूर लगाया हुआ था।

काफी मात्रा में लकडिया पडी हुई थी। जिनमे आग लगने की सूचना एक चरवाहे ने उन्हें दी। जिस पर शर्मा ने पुलिस थाना राजगढ़, फायर ब्रिगेड सहित ग्रामीण जनों को दी। मगर फायर ब्रिगेड के देरी से पहुंचने के कारण छूर के पुले व लकडियां जलकर खाक हो गए। हालांकि ग्रामीणों ने कड़ी मस्कत के बाद आगजनी पर काबू पाया।लेकिन तब तक छूर के पुल से लकड़ियां जल चुकी थी। शर्मा ने बताया कि आगजनी के कारणों का पता नही चल पाया लेकिन आगजनी में पीड़ित किसान विजयपाल पुत्र फूलाराम नाई को करीब दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना के बाद राजगढ थाना पुलिस,पटवारी सहित अन्य कर्मचारी मोके पर पहुंचे व घटना का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया।

गांव बैरासर बड़ा के पास हडाना जोहड के पास एक खेत में अचानक से लग गई जिससे पशु चारा छूर के पुले व खेत में पड़ी लकड़ियां जलकर खाक हो गई।

कलश यात्रा में सैलाब उमड़ा

चूरू (निसं)। निकटवर्ती ग्राम ढाणी लाल सिंह पुरा में रविवार को होने वाली हरिराम बाबा व बालाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

आयोजन समिति के पालीराम सैनी ने बताया कि कलश यात्रा शिव मंदिर से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होते हुए हरीराम बाबा मंदिर पहुंची। कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर महिलाएं सिर पर कलश धारण कर और डीजे पर नाचती-गाती मंदिर परिसर पहुंची। कलश यात्रा से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान सांवरमल सुईवाल व रामकरण गुसाई ने सपत्नीक पूजा-अर्चना की। पंडित सांवरमल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई।

कलश यात्रा के बाद हवन व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सांवरमल शर्मा एंड पार्टी ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को मूर्ति-प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सत्यनारायण कारोडिया, ओम प्रकाश, सांवरमल दहिया, गोपालराम, हरलाल, राधेश्याम, बजरंगलाल कारोडिया, मोतीराम, शीशपाल, तनुराम, गोपीराम, भीमराज, सुभाष, नागरमल, इन्द्रचंद, प्रमोद, दिनेश, नंदलाल, हरित सैनी, राजकुमार, महेश सहित बडी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

ढाणी लालसिंह पुरा में हरिराम बाबा व बालाजी महाराज की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा आज

गुड्डू पुरोहित विप्र सेना के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बने

झुंझुनूं, (निसं)। विप्र सेना जिलाध्यक्ष गुलजारीलाल शर्मा ने संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय संयोजक सुनील तिवाडी व प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया की अनुशंसा पर नरेंद्र शर्मा ढाणीवाला को महामंत्री युवा मोर्चा व गुड्डू पुरोहित को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर बोलते हुए गुलजारीलाल शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी किसी भी समाज की रीढ़ होती है। इसलिए गुड्डू पुरोहित को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष व नरेंद्र शर्मा महामंत्री की यह प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर
क्रमांक :- न.वि.न्या./नियमन/2025/00853 दिनांक 17.04.2025
प्रारूप-10-(नियम6 (7देखिए) लोक सूचना/आपत्ति विज्ञप्ति

निम्नलिखित आवेदक द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदित भूखंड का आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा विलेख जारी किया हुआ है तथा आवेदक द्वारा संस्थानिक (अस्पताल) हेतु भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। अतः किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति/एतराज हो, तो यह सूचना प्रकाशन होने के दिनांक से 15 दिवस में असालतन व व कालतन कार्यालय नगर विकास न्यास में उपस्थित होकर मय दस्तावेज लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजर/एतराज समाअत नहीं किया जावेगा और आवेदकों को नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन जारी कर दिया जायेगा।

क्र. सं	आवेदक का नाम व पता	खसरा नं./ राजस्व ग्राम	क्षेत्रफल	मास्टर प्लान 2031 में वर्तमान प्रयोजन	चाहा गया प्रयोजन
1	रिछपाल सिंह पुत्र श्री टोडाराम जाति जाट निवासी खूड, तहसील दातारामगढ़ जिला सीकर	1729/267 चन्दपुरा, तह. सीकर ग्रामीण	4735.73 वर्गमीटर	आवासीय	संस्थानिक (अस्पताल)

जगदीश प्रसाद गौड़, सचिव नगर विकास न्यास, सीकर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़
क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.भू/2025/ दिनांक :-.....
प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए
:- लोक सूचना :-

श्रीमती तुलछी देवी पत्नी श्री सुभाष चंद्र पुत्र श्री किस्तूराराम जाति ब्राह्मण साकिन रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक वाणिज्यक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

जिला तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर	21-22 डीडब्ल्यूथी	158/416 (12)	क्षेत्र- किला नं. 12/2 की 0.0990 है., में से 0.0205 है., यानि 205 वर्गमीटर कुल तादादी - 0.0205 है.

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम , 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक..... को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)**

विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1, 5 और20)
न्यायालय सहायक कलेक्टर (फा.ट्रे.) महोदय स्थान लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर राज.
श्रीमती सरोज विरूद्ध विनित आदि
दावा दावा बाबत-विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा प्रसारणार्थ
वाद सं.. 19 सन 2025

बनाम 1.विनित पुत्र विमल कुमार, 2. विमल कुमार पुत्र बनवारीलाल, 3. सावित्री देवी पत्नी विमल कुमार, 4. सीमा पत्नी पवन कुमार समस्त जाति महाजन निवासी ग्राम कस्बा लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर राज. ने आपके विरूद्ध ..... के लिये वाद पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 06 माह 05 सन 2025 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो, जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा का प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता.17 माह 04 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय सहायक कलक्टर महोदय, लक्ष्मणगढ़ (सीकर)

छापर में आयोजित शिविर में 632 जनों ने रक्तदान किया

सुजानगढ़ (निसं)। निकटवर्ती कस्बे छापर के अणुव्रत बाल भारती विद्यालय में स्वर्गीय समाजसेवी रमेश कुमार रूहिल की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में 632 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। आयोजक राजस्थान कॉलेज जयपुर के पूर्व उपाध्यक्ष शिवप्रसाद जाट ने बताया कि उनके पिता स्व. रमेश कुमार रूहिल जाट की चौथी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें 632 युवाओं ने रक्तदान किया।

शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। शिवप्रसाद ने बताया कि संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष इंद्राज खीचड, छापर नगरपालिका के अध्यक्ष श्रवण माली, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण पारीक, समाजसेवी अमित मोदी, मन्नालाल डूडी, भंवरलाल ज्याणी, श्याम सुन्दर शर्मा, करणाराम रूहिल, नानूराम कुलहरि ने स्व. रमेश कुमार रूहिल जाट की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया। भागीरथ बिजारणिया, छापर भाजयुमो अध्यक्ष प्रकाश दर्जी, सुमित शर्मा, कालू अग्रवाल, छात्र नेता आनन्द पिलानिया, समाजसेवी भंवरलाल गोदारा चाडवास, श्योपाल राम गोदारा, जगदीश दहिया, जगवीर गोदारा, सुरजीत दूधवाल, अशोक जाखड, नौरंगलाल ज्याणी, समाजसेवी पुटिया राजा चाडवास, बंशीलाल डूडी, रामनारायण रूलाणिया, मनोज कीलका, त्रिलोकचंद कीलका, प्रमिला दर्जी, सुखाराम बुरडक़, प्रमिला दर्जी, सुमन स्वामी, सरपंच पूसाराम ओजला, सरपंच गिरधारी लाल खेरिया, अमजद खान, दीपक चांगल, शुभम रेवाड ने शिविर में शिरकत की।

रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सुमित शर्मा, दीपक दर्जी, किशन पारीक, पवन जांगिड, लालचंद जांगिड, प्रकाश दर्जी, मोहित जाट, रामावतार जाट, कालू अग्रवाल, महिपाल भामू, रामनिवास जाट, मनोज इसरावा, पिंटू भंसाली, हंसराज कुलहरि, रामूराम गोदारा, मुकेश धाणक, खेताराम रूहिल, दिनेश रूहिल, सतु रूहिल, आकाश ज्याणी सहित अनेक युवाओं ने अपना सहयोग प्रदान किया। राजस्थान कॉलेज जयपुर के पूर्व उपाध्यक्ष शिवप्रसाद जाट रक्तदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

सुजानगढ़ छापर में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-चिड़ावा
क्रमांक :- 41-48 दिनांक :- 17.04.2025

NIB code PWD2526A0192 and
UBN IS. PWD2526WSOB00588

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 01 वर्ष 2025-26

राजस्थान के राज्य